## H.P. BOARD OF SCHOOL EDUCATION, DHARAMSHALA-176215

### e-Tender for Hiring of Vehicles (Truck/Tempoo/Jeep)

| | | |
|---|---|---|
| Date of Issuance | : | 06 August, 2026 |
| Last Date for e-Tender Submission | : | 27 August, 2026 |
| Opening of Technical Bids | : | 28 August, 2026 |

## निविदा की विषय सूची


| क्रमांक संख्या | विषय वस्तु | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | ई निविदा सूचना | 01 |
| 2. | निविदा प्रकिया की समय सारणी | 02 |
| 3. | निविदादाताओं के लिए सामान्य निर्देश | 03 |
| 4. | निविदा से सम्बन्धित सामान्य निर्देश, नियम एवं शर्तें | 04-07 |
| 5. | तकनीकी निविदा (प्रपत्र "क") | 08 |
| 6. | स्टाम्प पेपर पर बोलीदाता द्वारा घोषणा पत्र (प्रपत्र "ख") | 09 |
| 7. | सफल निविदादाता के लिए अनिवार्य "Price Fall Certificate") (प्रपत्र "ग") | 10 |
| 8. | Anti-Collusion Certificate (प्रपत्र "घ") | 11 |


सचिव

## H.P BOARD OF SCHOOL EDUCATION DHARAMSHALA- 176215

क्रमांक: हि०शि०बो०(20)/ संचालन-II/2026- 3866 दिनांक:- 05/08/2026

### "ई-निविदा सूचना"

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला द्वारा संचालित की जाने वाली विभिन्न परीक्षाओं के प्रश्न पत्रों एवं गोपनीय/अन्य सामग्री को विभिन्न स्थानों/परीक्षा केन्द्रों तक पहुँचाने/वापिस लाने हेतु ट्रक; टैम्पू व जीपों को किराए पर लेने के लिए ई-टैण्डर के माध्यम से **दिनांक 06-08-2026** को अपराह्न 03:00 बजे से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, इच्छुक निविदादाता निविदा दस्तावेज को बोर्ड की वैबसाइट https://hpbose.org पर देख सकते है, एवं वैबसाइट https://hptenders.gov.in से डाउनलोड एवं अपलोड कर सकते है।

सचिव
हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड,
धर्मशाला–176215

# H.P Board of School Education Dharamshala-176215
## E-Tender for Hiring of Vehicles (Truck/Tempoo/Jeeps)
### Important Dates

| Sr.No | Event | Date | Time / Mode |
|---|---|---|---|
| 1 | Date and time of online Publication of tender on website. | **06-08-2026** | 01:00 P.M https://hptenders.gov.in |
| 2 | Starting Date & time for downloading/uploading of e-tender alongwith requisite documents. | **06-08-2026** | 03:00 P.M https://hptenders.gov.in |
| 3 | Last Date & time for downloading/uploading of e-tender alongwith requisite documents. | **27-8-2026** | 05:00 P.M |
| 4 | Last date and time for submission of original DD of Tender fee, FDR of EMD, self attested copy of PAN & GST Number,original प्रपत्र 'ख', प्रपत्र 'घ' and other requisite documents | **28-08-2026** | 01:00 P.M |
| 5 | Date and time for opening of Technical Bid | **28-08-2026** | 03:00 P.M |
| 6 | Tender Fee | Tender fee of ₹ 1000/- (Non – Refundable) can be deposited/acceptable only in the shape of DD issued by any of the scheduled Bank. The Copy of DD be uploaded with the Technical Bid and original DD of Tender Fee is to be submitted separately on or before schedule date and time. | |
| 7 | Earnest Money Deposit (EMD) Amount | EMD amount ₹ 1,00,000/- (₹ One lac only) is to be deposited in the form of FDR duly pledged in favour of Secretary, H.P Board of School Education Dharamshala. FDR should be issued by any National Bank/Scheduled Bank/Cooperative Bank. Copy FDR of EMD is to be uploaded in Technical Bid. Hard copy/original copy of FDR is to be submitted separately on or before scheduled date and time. | |
| | निविदा खोलने वाले दिन यदि राजकीय अवकाश घोषित होता है, तो उसके अगले कार्यदिवस पर निविदाओं को खोला जाएगा। | | |
| | **Venue for opening of e-Tender : HP BOSE H.Q. Dharamshala** | | |

Secretary

## हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला जिला कांगड़ा, 176215

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला द्वारा संचालित की जाने वाली विभिन्न परीक्षाओं के प्रश्न पत्रों एवं गोपनीय/अन्य सामग्री को विभिन्न स्थानों/परीक्षा केन्द्रों तक पहुँचाने/वापिस लाने हेतु ट्रक, टैम्पू व जीपों को किराए पर लेने के लिए दिनांक **06-08-2026** को शाम 03:00 बजे ऑनलाईन ई–प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया से निविदा आमंत्रित की जाती है।

### निविदादाताओं के लिए सामान्य निर्देश

1. इच्छुक निविदादाता टेंडर दस्तावेज बोर्ड की वैबसाइट https://hpbose.org पर भी देख सकते हैं एवं वैबसाइट https://hptenders.gov.in से डाउनलोड एवं अपलोड कर सकते है।
2. निविदादाता के पास निविदा अपलोड करने हेतु सूचना तकनीकी अधिनियम 2000 के तहत डिजिटल (Digital Signature) सिग्नेचर होना अनिवार्य है।
3. **निविदा फीसः–** इच्छुक निविदादाता को ₹1000/– (₹ एक हजार) का डिमांड ड्राफ्ट जो सचिव, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला जिला कांगड़ा के नाम देय हो, की छायाप्रति तकनीकी निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है। जोकि Non-refundable राशि होगी। निविदा फीस के बिना, प्राप्त निविदा स्वीकार्य नहीं होगी। निविदा फीस का डिमांड ड्राफ्ट मूल रूप से निर्धारित तिथि एवं समय अनुसार कार्यालय में जमा करवाना होगा।
4. निविदा प्रकिया में भाग लेने के लिए ₹ 1,00,000/–(₹ एक लाख) की धरोहर राशि, एफ0डी0आर0 के रूप में जो, किसी राष्ट्रीयकृत बैंक/शैडयूलड बैंक/सहकारी बैंक द्वारा कम से कम एक वर्ष के लिए जारी तथा सचिव, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला, जिला कांगड़ा के पक्ष में बंधक (Pledged) हो, जमा करवानी होगी जिसका प्रमाण तकनीकी निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा। असफल निविदादाताओं की धरोहर राशि वापिस कर दी जाएगी। चयनित/सफल निविदादाता/निविदादाताओं की धरोहर राशि को निष्पादन सुरक्षा राशि (Performance Security) में परिवर्तित कर दी जाएगी जिसे कार्य अनुबन्ध की समाप्ति के साठ दिनों के उपरान्त लौटाया जाएगा।
5. निविदा फीस का मूल बैंक ड्राफ्ट, धरोहर राशि की मूल एफ0डी0आर0, प्रपत्र 'ख' तथा प्रपत्र 'घ' की मूल प्रति के अतिरिक्त पैन नंबर, जी0एस0टी0 नम्बर की स्वयं सत्यापित छायाप्रतियाँ बोर्ड कार्यालय मे निर्धारित तिथि एवं समय के अनुसार ई–निविदा में अपलोड करने के अतिरिक्त भौतिक रूप से जमा करवानी अनिवार्य होगी अन्यथा मूल्यांकन में निविदादाता की निविदा को निरस्त माना जाएगा।
6. निविदा फीस तथा धरोहर राशि निविदादाता द्वारा स्वयं जमा करवानी होगी। निविदादाता की ओर से किसी अन्य द्वारा जमा निविदा फीस, धरोहर राशि स्वीकार्य नहीं होगी। इस अवस्था में निविदा को निरस्त माना जाएगा।

**उक्त दस्तावेज बोर्ड कार्यालय में निर्धारित समयावधि में उपलब्ध न करवाने पर निविदा स्वतः ही निरस्त मानी जाएगी।**

सचिव

## 1. निविदा से सम्बन्धित सामान्य निर्देश, नियम एवं शर्तें

i) ई–निविदा प्रपत्र का भलीभांति अध्ययन करने के उपरान्त ही वित्तीय दरें (BOQ) पूर्ण रूप से .xls फॉरमेट में ऑनलाईन प्रस्तुत करनी होंगी।

ii) ऑनलाईन प्रस्तुत की गई निविदा एवं दरें ही मूल्यांकन हेतु मान्य होंगी। अन्य किसी भी माध्यम से प्रस्तुत की गई दरें मान्य नहीं होंगी।

iii) सम्पूर्ण कार्य हेतु एक निविदादाता की एक ही निविदा मान्य होगी, अर्थात एक निविदादाता दो निविदाएं प्रस्तुत नहीं करेगा।

iv) तकनीकी निविदा **प्रपत्र 'क'** को निविदादाता द्वारा ऑनलाईन अपलोड किया जाना अनिवार्य है। तकनीकी निविदा में अपलोड किए जाने वाले समस्त दस्तावेज निविदादाता द्वारा स्वयं सत्यापित (Self Attested) होने चाहिए **अन्यथा यह दस्तावेज स्वीकार्य नहीं होंगे।** इसके अतिरिक्त तकनीकी निविदा में प्रस्तुत दस्तावेजों की वैधता के लिए निविदादाता स्वयं उत्तरदायी होगा। यदि कोई सूचना/दस्तावेज असत्य अथवा अपूर्ण पाई जाती है, तो उसके लिए निविदादाता स्वयं उत्तरदायी होगा और उसका नाम काली सूची में सम्मिलित कर दिया जाएगा।

v) कार्य आवंटन का अधिकार बोर्ड के पास सुरक्षित होगा। इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का प्रतिवेदन स्वीकार्य/विचार योग्य नहीं होगा।

## 2. तकनीकी निविदा के साथ लगाये जाने वाले दस्तावेजः–

i) सर्वप्रथम **प्रपत्र 'क'** की हस्ताक्षरित प्रति (मोहर सहित) तकनीकी निविदा में अपलोड/संलग्न करना अनिवार्य है। आयकर पैन कार्ड की स्वयं सत्यापित छायाप्रति, जिसमें स्थायी आयकर खाता संख्या का उल्लेख पठनीय हो, साथ में अपलोड/संलग्न करें।

ii) **GSTIN** (Goods and Services Tax Identification Number) पंजीकरण प्रमाण पत्र की स्वयं सत्यापित छायाप्रति अपलोड/संलग्न करें जिसमें टिन संख्या का उल्लेख पठनीय हो।

iii) निविदा फीस का बैंक ड्राफ्ट/डिमांड ड्राफ्ट ई–निविदा में अपलोड करने के अतिरिक्त भौतिक रूप से जमा करवाना भी अनिवार्य होगा अन्यथा तकनीकी निविदा के मूल्यांकन के दौरान निविदादाता को असफल घोषित किया जाएगा।

iv) धरोहर राशि ई–निविदा में अपलोड करने के अतिरिक्त भौतिक रूप से जमा करवाना भी अनिवार्य होगा अन्यथा तकनीकी निविदा के मूल्यांकन के दौरान निविदादाता को असफल घोषित किया जाएगा।

v) यदि निविदादाता सांझेदारी में हो तो उस अवस्था में उनको Partnership Deed जोकि Partnership (Act 1932) एवं समय–समय पर हुए संशोधनों के अन्तर्गत जारी की गई हो, अपलोड करनी होगी।

vi) अगर निविदादाता Public Ltd/Pvt Ltd Company के तौर पर भाग ले रहे हो तो उस अवस्था में उन्हें कम्पनी (Act 1956) एवं समय–समय पर हुए संशोधनों के अन्तर्गत जारी Memorandum of Association/Article of Association की प्रति अपलोड करना अनिवार्य होगा।

vii) निविदादाता को **प्रपत्र 'ख'** के अनुसार नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र (मूल्य ₹100 के स्टाम पेपर पर) तकनीकी निविदा में अपलोड करने के अतिरिक्त इसकी मूल प्रति अन्य वांछित दस्तावजों सहित भौतिक रूप से जमा करवानी होगी। इसी प्रकार **प्रपत्र 'घ'** जोकि नोटरी द्वारा सत्यापित हो शपथ पत्र (मूल्य ₹100 के स्टाम पेपर पर) तकनीकी निविदा में अपलोड करने के अतिरिक्त इसकी मूल प्रति अन्य वांछित दस्तावजों सहित भौतिक रूप से जमा करवानी होगी।

viii) निविदादाताओं द्वारा तकनीकी निविदा में दी गई जानकारी का भौतिक मिलान एवं मूल्यांकन मूल/भौतिक रूप से जमा करवाए गए दस्तावेजों के आधार पर कार्यालय द्वारा गठित समिति द्वारा किया जाएगा।

3. वित्तीय निविदा की नियम एवं शर्तेः--

i) वित्तीय निविदाएं ऑनलाइन BOQ Excel Sheet फॉरमेट पर ऑनलाइन प्रस्तुत करनी होगी और यह दरें वाहन वार (Vehicle Wise) रहेंगी।

ii) तकनीकी निविदा में सफल निविदादाताओं की ऑनलाइन BOQ Excel Sheet फॉरमेट पर प्रस्तुत वित्तीय निविदाओं को ही खोला जाएगा।

iii) प्रत्येक वाहन का प्रतिकिलोमीटर की दर से किराया संलग्न **BOQ** में अंकों व शब्दों में अंकित किया जाएं। यह दरें जी० एस० टी० रहित होगी। यदि भविष्य में बोर्ड सम्बन्धि किसी भी परीक्षा पर जी० एस० टी० देय होगा तो अधिसूचित दरों अनुसार कार्यावाही अमल में लाई जाएगी।

4. मूल्यांकन प्रकियाः–

i) सक्षम प्राधिकारी द्वारा गठित समिति सर्वप्रथम निविदाओं का मूल्यांकन निविदा में अपलोड दस्तावेजों अनुसार एवं निविदा की नियम व शर्तों के अनुसार करेगी। गठित समिति द्वारा ई–निविदा प्रणाली के अनुसार तकनीकी निविदा में अपलोड दस्तावेजों और भौतिक रूप से जमा करवाए गएं दस्तावेजों का आपस में मिलान एवं मूल्यांकन किया जाएगा।

ii) केवल तकनीकी निविदा में घोषित सफल निविदादाताओं की वित्तीय निविदा खोली जाएगी एवं वित्तीय निविदा में उद्धरित्/दर्शाई दरों का वाहन वार मूल्यांकन किया जाएगा तथा जिस निविदादाता की वाहन/वाहनों की दर/दरें (प्रतिकिलोमीटर के आधार पर) न्यूनतम होंगी, उसे ही L1 घोषित किया जाएगा। वाहन–वार रात्रि ठहराव की दरें बोर्ड द्वारा निश्चित कर दी गई है जोकि सभी निविदादाताओं के लिए समान रूप से लागू होंगी। वाहन–वार प्रति रात्रि ठहराव की दरें ट्रक, टैम्पू व जीप के लिए कमशः ₹1,200/-, ₹1,000/- व ₹700/- निर्धारित की गई हैं।

iii) मूल्यांकन प्रकिया उपरान्त L1 दरों का अन्तिम अनुमोदन माननीय अध्यक्ष स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा किया जाएगा।

5. यदि निविदादाता निर्धारित अवधि में हि0प्र0 स्कूल शिक्षा बोर्ड को गाड़ी/गाड़ियाँ उपलब्ध करवाने में असमर्थ रहता है तो सचिव द्वारा उसकी धरोहर राशि को जब्त कर लिया जाएगा तथा निविदा की शर्तों के अनुसार उसका नाम काली सूची में सम्मिलित कर दिया जाएगा। ऐसी स्थिति में यदि L2 निविदादाता L1 निविदादाता की दरों पर अपनी सहमति प्रकट करता है तो सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन उपरान्त इसे स्वीकार्य माना जाएगा। यदि L2 निविदादाता भी गाड़ी/गाड़ियाँ उपलब्ध करवाने में असमर्थ रहता है तो पुनः निविदायें आमंत्रित की जाएंगी।

6. किसी निविदा या सभी निविदाओं को बिना कारण बताए अस्वीकार करने का अधिकार सचिव, शिक्षा बोर्ड के पास सुरक्षित रहेगा।

7. वाहन सही अवस्था में तथा तरपाल/फट्टे सहित होना चाहिए। अगर कोई वाहन, जोकि कार्यालय की सामग्री लेकर जा रहा हो और रास्ते में खराब हो जाये, तो उसी समय दूसरे वाहन का प्रबन्ध सेवाप्रदाता को बिना बिलंब करना होगा ताकि सामग्री गन्तव्य तक निर्धारित समय–सीमा में पहुँचाई जा सके। सभी वाहन मोटर वाहन नियम 1988 व समयानुसार हुए संशोधनों के उपनियम/अनुच्छेद 125H के प्रावधानानुसार स्थान ट्रैकिगं डिवाइस (VLTD) से युक्त होंने चाहिए।

8. सामग्री को गन्तव्य तक सुरक्षित पहुँचाना सेवाप्रदाता का उत्तरदायित्व होगा। सावधानी के तौर पर जब गाड़ी से किसी परीक्षा केन्द्र/वितरण केन्द्र/अन्य स्थानों के प्रश्न पत्रों के डिब्बे तथा अन्य सामग्री के पैकेट उतारें जायेंगें तो अगले स्थान के लिए प्रस्थान करने से पूर्व हर बार गाड़ी के पीछे फट्टे लगाने होंगे तथा तरपाल बाँधना होगा।

9. बोर्ड कार्य के लिए प्रयोग की जाने वाली गाड़ी के चालक के पास गाड़ी के पूर्ण दस्तावेज जैसेकि गाड़ी का पंजीकरण प्रमाण पत्र, वैध फिटनेस प्रमाण पत्र, वाहन का बीमा प्रमाण पत्र, प्रदूषण प्रमाण पत्र, ड्राईवर का नियमानुसार सम्बन्धित श्रेणी का ड्राइविंग लाईसैंस इत्यादि जोकि मोटर वाहन अधिनियम 1988 के अन्तर्गत आवश्यक हैं, पूर्ण रूप से उपलब्ध होने अनिवार्य होंगे। इस सम्बन्ध में निविदादाता को (प्रपत्र 'ख') निर्धारित शपथ पत्र में इसका उल्लेख करना आवश्यक है तथा शपथ पत्र तकनीकी निविदा के साथ अपलोड व संलग्न करना अनिवार्य होगा।

10. यदि वाहन चालक की लापरवाही से गाड़ी से कोई सामग्री गिर जाती है तो सम्बन्धित सामग्री का जो भी नुकसान होगा, उसकी भरपाई सम्बन्धित सेवाप्रदाता को करनी होगी। ऐसी स्थिति में आर्थिक दण्ड एवं नियमानुसार वैधिक कार्यवाही माननीय अध्यक्ष महोदय/सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित/अमल में लाई जाएगी।

11. यदि प्रवास के दौरान वाहन को प्रतिबन्धित क्षेत्र में चलाने, पार्किगं करने, वाहन की आर.सी., बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र, नियमानुसार सम्बन्धित श्रेणी का ड्राइविंग लाईसैंस के न होने या प्रमाण पत्रों की वैधता के समाप्त होने व वाहन चालक द्वारा लापरवाही से गाड़ी को चलाने पर पुलिस द्वारा या सक्षम अधिकारी द्वारा चालान या जुर्माना किया जाता है तो उसके लिए शिक्षा बोर्ड जिम्मेवार नहीं होगा। उपरोक्त के सम्बन्ध में क्षतिपूर्ति के लिए सम्बन्धित सेवाप्रदाता स्वयं जिम्मेवार होगा।

12. किराया/बिल का भुगतान वस्तु एवं सेवा कर (यदि कोई हो) तथा आयकर से सम्बन्धित नियमानुसार स्त्रोतों से कर की कटौती (TDS) नियमानुसार निर्धारित दर पर करने के उपरान्त ही किया जायेगा।

13. गाड़ियों के किराये का भुगतान कार्य समाप्ति के उपरान्त सम्बन्धित सेवाप्रदाता द्वारा बिल प्रस्तुत करने पर सम्बन्धित शाखा के अनुभाग अधिकारी/सहायक सचिव के लॉग बुक मे दर्ज प्रविष्टियों के सत्यापन व उच्चाधिकारियों के अनुमोदनोपरान्त ही किया जायेगा।

14. कार्य आवंटन उपरान्त सफल निविदादाता को प्रत्येक अवसर पर जब भी गोपनीय व अन्य सामग्री को स्कूल शिक्षा बोर्ड परिसर से विभिन्न गन्तव्यों तक पहुंचाने/वापिस लाने बारे सूचित किया जाएगा तो उसे स्कूल शिक्षा बोर्ड के परिसर से वाहन के प्रस्थान से पूर्व वाहन के आवश्यक दस्तावेज जैसे गाड़ी का पंजीकरण प्रमाण पत्र, नियमानुसार सम्बन्धित श्रेणी का ड्राइविंग लाईसैंस, बीमा की प्रति, वैध फिटनेस प्रमाण पत्र, प्रदूषण प्रमाण पत्र व अन्य वांछित दस्तावेज जोकि मोटर वाहन अधिनियम 1988 के अन्तर्गत वाहन को चलाने में आवश्यक हो सम्बन्धित शाखा के अनुभाग अधिकारी/सहायक सचिव के पास आवश्यक रूप से प्रस्तुत करने होंगें अन्यथा स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा उस वाहन के माध्यम से गोपनीय सामग्री नहीं भेजी जाएगी। ऐसी अवस्था में निविदादाता को तुरन्त 2 घन्टे के भीतर ऐसा वाहन उपलब्ध करवाना होगा जोकि निर्धारित दस्तावेजों की अनिवार्यता की अनुपालना करता हो। किलोमीटर की गणना बोर्ड मुख्यालय से वाहन के प्रस्थान के साथ ही आरम्भ होगी जिसमें निर्धारित रास्ते अनुसार ही आने–जाने के किलोमीटरों का समावेश किया जाएगा।

15. किसी प्राकृतिक आपदा के कारण मार्ग अवरूद्व होने या अन्य स्थिति में स्थान विशेष पर रात्रि ठहराव की अदायगी सेवाप्रदाता द्वारा इस संबध में सक्षम प्राधिकरण से प्राप्त प्रमाण पत्र की उपलब्धता पर सचिव स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा निर्धारित दर के आधार पर ही की जाएगी।

16. इस निविदा के माध्यम से निर्धारित कि गई दरें कार्य आबंटन की अधिसूचना/सूचना तिथि से एक वर्ष तक मान्य होगी। कार्य के संतोषजनक निष्पादन की स्थिति में सेवाप्रदाता व बोर्ड प्रशासन की सहमति से एक–एक वर्ष के अन्तराल पर दो वर्षो के लिए पूर्व निर्धारित दरों व शर्तों पर विस्तार दिया जा सकता है।

17. सेवाप्रदाता का काम संतोषजनक न होने की स्थिति में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी व सेवा अनुबन्ध रद्द कर दिया जाएगा।

18. सचिव, स्कूल शिक्षा बोर्ड के पास बिना कारण बताये किसी भी निविदादाता की दरें मंजूर या रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

19. निविदा के सम्बन्ध में अगर कोई विवाद या मतभेद हो जाये तो यह मामला अध्यक्ष, हि0प्र0 स्कूल शिक्षा बोर्ड के समक्ष विचारार्थ एवं निर्णय हेतु प्रस्तुत किया जायेगा तथा उनका फैसला/निर्णय हर स्थिति में अन्तिम एवं दोनों पक्षों को मान्य होगा।

20. चयनित निविदादाता को अधोहस्ताक्षरी के साथ परस्पर अनुबन्ध हस्ताक्षरित करना होगा। इसके अतिरिक्त सफल निविदादाता **L1 को प्रपत्र 'ग'** के अनुसार **Price fall Clause** के अन्तर्गत लिखित प्रमाण पत्र कार्यालय में जमा करवाना अनिवार्य होगा।

21. जिन विषयों के बारे में उपरोक्त निबन्धन व शर्तो में कोई प्रावधान नहीं है, उनके बारे में निर्णय हि0 प्र0 स्कूल शिक्षा बोर्ड में लागू नियमों या सक्षम प्राधिकारी द्वारा पारित आदेशों के अनुसार किया जाएगा।

22. किसी प्रकार के न्यायिक मामलों के लिये माननीय न्यायालय का अधिकार क्षेत्र जिला कांगडा स्थित धर्मशाला में ही मान्य होगा।

23. सफल सेवाप्रदाता L1 द्वारा उद्धरित दरों का मूल्यांकन गठित कमेटी द्वारा किया जाएगा तथा गठित कमेटी सफल सेवाप्रदाता के साथ मोलभाव का अधिकार रखती है। यद्यपि सफल सेवाप्रदाता L1 का निर्धारण निविदा की निबन्धन एवं शर्तों के आधार पर किया जाएगा फिर भी सफल सेवाप्रदाता L1 द्वारा दी गई दरों की तर्कसंगतता के परीक्षण का अधिकार गठित कमेटी के पास सुरक्षित रहेगा ताकि तर्कविहीन दरों की सम्भावना से बचा जा सके।

24. धर्मशाला या इसके इर्द–गिर्द स्थानीय प्रवास पर जाने वाले वाहन के किराए का निर्धारण 100 किलोमीटर को आधार मानकर स्वीकृत L1 दरों के अनुरूप L1 निविदादाता के साथ किया जाएगा। इसके उपरान्त यदि समिति उपयुक्त समझें तो इस सन्दर्भ में मोलभाव का पूर्ण अधिकार रखती है।

25. सफल सेवाप्रदाता को एक दिन के नोटिस पर गाड़ी/गाड़ियाँ उपलब्ध करवानी होगी। परीक्षा सामग्री/अन्य सामग्री बोर्ड कार्यालय, धर्मशाला से ले जानी व वापिस बोर्ड मुख्यालय लानी होगी। वाहनों के किराए की गणना बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला से आरम्भ होगी। मांग अनुसार समय पर गाड़ियाँ उपलब्ध न करवाने की दशा में सेवा प्रदाता को प्रति अवसर **₹ 30,000/-** का आर्थिक दण्ड अदा करना होगा।

सचिव

प्रपत्र 'क'

## तकनीकी निविदा

## e-Tender for Hiring of Vehicles (Truck/Tempoo/Jeep)

## हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के मुख्यालय से प्रति किलोमीटर की दर से विभिन्न स्थानों तक प्रश्न पत्र व अन्य सामग्री की ढुलाई हेतु निविदा

1. निविदादाता का नाम :
2. निविदादाता का पता :
3. पैन नंबर (छायाप्रति अपलोड/संलग्न करें) :
4. जी० एस० टी० पंजीकरण (छायाप्रति अपलोड/संलग्न करें) :
5. शपथ पत्र प्रपत्र 'ख'(अपलोड/संलग्न करे) :
6. Anti-Collusion Certificate **"प्रपत्र घ"** (अपलोड/संलग्न करे) :
7. Partnership deed, if applicable (अपलोड करें) :
8. Memorandum of Association/Article of Association, if applicable (अपलोड करें):
9. दूरभाष नम्बर कार्यालय ........................ मोबाईल नम्बर ...................
10. ई-मेल (यदि कोई हो) :
11. निविदा शुल्क का विवरण :
    डिमांड ड्राफ्ट न0 ........................................
    दिनांक ........................................
    धनराशि : ₹1000/- (₹एक हजार)
    जारीकर्ता बैंक का नाम व शाखा ........................................
12. धरोहर राशि : ₹1,00,000/- (₹एक लाख)
    एफ० डी० आर० न० ____________
    जारीकर्ता बैंक का नाम व शाखा ____________
    दिनांकः ____________

मैं, घोषणा करता/करती हूं कि मुझे/हमें निविदा में दिए गए नियम व शर्ते जिन्हें मेरे/हमारे द्वारा ध्यानपूर्वक पढ़ व समझ लिया गया है तथा तदोपरान्त स्वीकार हैं। इस निविदा की समस्त कार्यवाही पूर्ण करने एवं समस्त देयक के प्रति मेरा पूर्ण उत्तरदायित्व है। अपेक्षित दस्तावेज/प्रमाण पत्र संलग्न कर दिए गये हैं। उपरोक्त समस्त सूचना पूर्णतयाः सत्य है। इससे सम्बन्धित कोई भी सूचनाएं छिपाई नहीं गयी हैं। यदि कोई सूचना असत्य अथवा अपूर्ण पायी जाती है तो निविदा मे निर्धारित प्रावधानो के अनुसार किसी कार्यवाही के लिए मैं/हम स्वयं उत्तरदायी रहूंगा/रहेंगे।

दिनांकः अगस्त 2026

निविदादाता के हस्ताक्षर
नाम....................

संस्था की मोहर

## DECLARATION BY BIDDER

**(Affidavit duly attested by Notary Public to be submitted on stamp paper of ₹ 100/-)**

To,

The Secretary,
H.P Board of School Education,
Dharamshala.

In reference to the Technical bid document for '**Hiring of Vehicles (Truck/Tempoo/Jeep)**', I/We do hereby declare that I/We/am/are proprietor/partner /director of the Business concern/firm/company.

That, I/We_________________________________do hereby declare that I/We have read and understood the terms and conditions of the Tender and further declare that I/we shall be abide by the terms & conditions of tender.

I/We further declare that I/my business concern/firm/company have not been blacklisted by any Govt. department/Board/Corporation/PSU/University etc. (as the case may be) including forfeiture of security/EMD (as the case may be) or debarred/No FIR is registered. No such action is in progress against my/our business concern/firm/company. Further, there is no Court Case pending in any Hon'ble Court which is binding upon the aforesaid Tender.

I/We futher declare that I/We shall abide by the provisions of Motor Vehicle Act 1988 (amendments therein) for the intents & purposes of this tender.

In case above declaration given by me/us is found to be incorrect at any stage, the H.P. Board of School Education, Dharamshala has right to take legal action against me/us beside penalty, if any, including forfeiture of EMD.

Place: .............

Signature of
Proprietor/Director/Partner
with Stamp and Date

### VERIFICATIONS

I/We ______________________________________________do hereby verify that the contents of the declaration made by me/us are correct and true to the best of my knowledge and nothing has been concealed therein. Verified and signed on the _________ day of _____ at____________.

<u>Witnesses</u>:-

1. Signature
   Name and Address

Signature of
Proprietor/Director/Partner
with Stamp and Date

2. Signature
   Name and Address

# Price Fall Clause Certificate

## (To be submitted by the successful Bidder)

I/We undertake that we have not offered to provide/provided/ are not providing same or similar services at a price lower than that offered against the *Tender No...................................................Dated..........................* in respect of any Govt. Departments Organizations/Univesites/other PSU or any other private organization during the currency of the contract and if it is found at any stage that same or similar service was provided or are being provided by the successful bidder to any Govt. Departments Organizations/ Univesites/other PSU or any other private organization at a lower price during the currency of the contract, then that very price will be applicable to the present case and the difference in the cost would be refunded by the successful bidder to H.P Board of school Education, if the contract has already been concluded.

Date: .............

Place: .............

Signature of
Proprietor/Director/Partner
with Stamp

प्रपत्र 'घ'

**Anti-Collusion Certificate**

**(To be submitted duly attested by the Notary Public on stamp paper of ₹100/-)**

To,

The Secretary,
H.P Board of School Education,
Dharamshala.

Sir,

I/ We undertake that, in competing for (and, if the award is made to us, in executing) the above contract, I / we will strictly observe the laws against fraud and corruption in force in India namely "Prevention of Corruption Act 1988".

I / We hereby certify and confirm that in the preparation and submission of our Proposal, I / we have not acted in concert or in collusion with any other Bidder or other person(s) and also not done any act, deed or thing which is or could be regarded as anti-competitive.

I / We further confirm that we have neither proposed nor will propose any illegal gratification in cash or kind to any person or agency in connection with the instant Proposal.

Dated this _______day of _____________,

______________________________
(Name of the Bidder)

______________________________
(Signature of the Bidder)